दिनांकः 28.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन–आपसी राज़ीनामे के ज़रिये किया जाएगा मामलों का निपटारा।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां की जा रही हैं आयोजित।
- आगामी त्यौहारी सीजन के मद्देनज़र भारतीय रेलवे एक अक्टूबर से चलाएगा छह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां।
- विश्व रेबीज दिवस आज–पशु चिकित्सा संस्थानों में टीकाकरण और जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन।

............................

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएंगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली इस साल की ये तीसरी लोक अदालत है। इसमें राज़ीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके लिए उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्य पीठ में तीन बैंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में राजीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना और पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मामलों की सुनवाई होगी। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जाएगा।

...........................

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए 30 सितम्बर को नई दिल्ली में दो दिवसीय इन्वेस्टर्स रोड़ शो और आउटरीच का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन के पहले दिन सोमवार को राज्य सरकार का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल इन्वेस्टर्स मीट में भाग लेगा। प्रतिनिधि मंडल में उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्य सचिव, सुधांश पंत और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।
पहले दिन, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल चुनिंदा कम्पनियों के चैयरमेन और सीईओ के साथ मुलाकात करेगा। अगले दिन ये प्रतिनिधि मंडल दो अन्य कार्यक्रम सीपीएसई कॉन्क्लेव और एम्बेसडर्स राउंड टेबल में भाग लेगा। इसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के शीर्ष अधिकारियों और विभिन्न देशों के राजनयिकों को प्रदेश में मौजूदा अवसरों की जानकारी दी जाएगा और उनके ज़रिए प्रमुख कम्पनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

...........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम बात करेंगे किसानों के कल्याण और कृषि विकास के लिए चलाए जा रहे डिजिटल कृषि मिशन के बारे में।

...........................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कल अजमेर रेल मंडल कार्यालय में कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सफाई का महत्व बताया। जोधपुर में पत्र सूचना कार्यालय की ओर से भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में

विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ ही उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। जैसलमेर न्यायालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। जिले के पोकरण में सभी वॉर्डों में फोगिंग की गई।
पाली के सादड़ी में परशुराम महादेव तीर्थ स्थल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कुंड और विभिन्न मार्गों की सफाई की गई। भरतपुर के शास्त्री पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनसीसी कैडेट्स और आमजन ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

...........................

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों के अवसर पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारी सीजन के दौरान विशेष रेलें संचालित करता है। पिछले साल इस सीजन में करीब साढे चार हजार स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं। इधर, त्यौहारों और पर्यटन सीजन को देखते हुए जैसलमेर में एक अक्टूबर से हवाई सेवाएं फिर से शुरू होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे सैलानियों और पर्यटन व्यवसासियों में उत्साह का माहौल है।

..............

...........................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर दौरे पर रहेंगे। अपने एक दिन के प्रवास के दौरान वे एक निजी स्कूल में शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे।

...........................

देशभर के दिव्यांग कारीगरों को अपने उत्पादों का विपणन और प्रचार करने तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के लिए आज से पुणे मे 20वां दिव्यकला मेला शुरू होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार मेले का उद्घाटन करेंगे। ये मेला दिव्यांग कारीगरों, कलाकारों और उद्यमियों की शिल्प कौशल, रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना का एक अनूठा उत्सव है। मेले में बीस से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग प्रतिभागी उत्पादों की विविध श्रृंखला का प्रदर्शन करेंगे। मेला छह अक्टूबर को सम्पन्न होगा।

...........................

खाद्य सुरक्षा विभाग की केन्द्रीय टीम ने शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत कल जयपुर के नांगल जैसा बोहरा क्षेत्र में तीन सौ किलोग्राम मिलावटी पनीर पकड़ा। पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। ये पनीर अलवर से मंगाकर बेचा जा रहा था।

...........................

आज विश्व रेबीज दिवस है। हर साल ये दिवस 28 सितम्बर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रेबीज से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देना और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर प्रदेशभर के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु टीकाकरण और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जयपुर में पांच बत्ती स्थित पशु चिकित्सा पॉली क्लिनिक और सभी अधीनस्थ संस्थाओं में एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाए गए हैं। पशु चिकित्सा पॉली क्लिनिक के उपनिदेशक डॉ. जितेन्द्र राजोरिया ने बताया कि पॉली क्लिनिक में टीकाकरण के साथ साथ अन्तः परजीवी और बाह्य परजीवी रोगों की रोकथाम के लिए कृमिनाशक दवा पिलाई जाएगी तथा एंटी टिक स्प्रे का छिड़काव किया जाएगा। शिविर में कुत्तों से मनुष्यों में फैलने वाली जुनोटिक बीमारियों के कारण और निवारण के बारे में जानकारी दी जाएगी। सवाईमाधोपुर और करौली में भी शिविर लगाकर लोगों को इस बीमारी के बारे में बताया जा रहा है।

...........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा।

...........................